संख्या-324/2025/3147/22-2-2023-17(848)/2023

प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक: 04 अप्रैल, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामहेतु पुत्र श्री प्यारे लोध, निवासी जनपद-रायबरेली की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षक (मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-23888/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-06-07-2023) दिनांक-24-07-2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामहेतु पुत्र श्री प्यारे लोध, जो कुटी मजरे रैन वर्तमान निवासी-कुटी रघुनाथ खेडा, थाना-बछरांवा, जनपद-रायबरेली का निवासी है। पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक 17.09.2005 को बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लाठी व कुल्हाड़ी से मारकर 03 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 03 अन्य लोगों को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं०-02/2006, भा0द0वि0 की धारा-302, 307 में मा० अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०-01, रायरबेली के आदेश दिनांक 11.03.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बंदी द्वारा दिनांक 09.06.2023 तक अपरिहार 17 वर्ष, 08 माह, 20 दिन तथा सपरिहार 22 वर्ष, 09 माह, 19 दिन की सजा भोगी गयी है।

3- जिला मजिस्ट्रेट, रायबरेली की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 02.09.2022 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, बन्दी के पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में आगे और निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन है, परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की प्रबल सम्भावना होने की आख्या अंकित करते हुये बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक 17.09.2005 को बन्दी ने अपने 03 सहजभियुक्तों के साथ मिलकर लाठी व कुल्हाड़ी से मारकर 03 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 03 अन्य लोगों को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रामहेतु पुत्र श्री प्यारे लोध को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामहेतु (बन्दी संख्या-47260) पुत्र श्री प्यारे लोध, निवासी जनपद-रायबरेली को यू०पी० प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

अन्तर्गत फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-324/2025/3147(1)/22-2-2023 तद्दिनांक...

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, रायबरेली।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रि0) सं0-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन(क्रिमि0) सं0-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-324/2025/3147/22-2-2023-17(848)/2023

दिनांक: 04 अप्रैल, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामहेतु पुत्र श्री प्यारे लोध, जो कुटी मजरे रैन वर्तमान निवासी-कुटी रघुनाथ खेडा, थाना-बछरांवा, जनपद-रायबरेली का निवासी है। पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक 17.09.2005 को बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लाठी व कुल्हाड़ी से मारकर 03 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 03 अन्य लोगों को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं०-02/2006, भा0द0वि0 की धारा-302, 307 में मा० अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०-01, रायरबेली के आदेश दिनांक 11.03.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बंदी द्वारा दिनांक 09.06.2023 तक अपरिहार 17 वर्ष, 08 माह, 20 दिन तथा सपरिहार 22 वर्ष, 09 माह, 19 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला मजिस्ट्रेट, रायबरेली की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 02.09.2022 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुजों की आख्या में जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, बन्दी के पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में आगे और निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन है, परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की प्रबल सम्भावना होने की आख्या अंकित करते हुये बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक 17.09.2005 को बन्दी ने अपने 03 सहजभियुक्तों के साथ मिलकर लाठी व कुल्हाड़ी से मारकर 03 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा 03 अन्य लोगों को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समिति की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रामहेतु पुत्र श्री प्यारे लोध को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।